हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 17.3 डिग्री

12 नगर निगम चुनाव के लिए 191 पोलिंग बूथ स्थापित...



12 मरीज ने नागरिक अस्पताल में किया हंगामा...



## खबर संक्षेप

### श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान पहल की शुरुआत

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र जिले में शिक्षकों को प्रोत्साहित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने 'श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान' पहल शुरू की है। इस पहल के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों से 10 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया जाता है, जिन्हें उनकी नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, विद्यार्थियों की प्रगति में योगदान और कक्षा में प्रभावी कार्य के लिए डीपीआईयू बैठक में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान देना ही नहीं, बल्कि शिक्षकों के बीच बेहतर शिक्षण तरीकों का आदान-प्रदान भी सुनिश्चित करना है। बैठक में चयनित शिक्षक अपने अनुभव, नवाचार और सफल रणनीतियां साझा करते हैं, जिससे अन्य शिक्षकों को भी नई विधियां अपनाने की प्रेरणा मिलती है। इंदु कौशिक ने कहा कि शिक्षकों का मनोबल बढ़ाना जरूरी है, इससे विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में भी सकारात्मक सुधार होता है।

### कहासुनी में रॉड से किया हमला, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** रामपुर जाट्टान में कहासुनी होने पर एक युवक ने लोहे की रॉड से वार कर व्यक्ति को घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। काटरवाली निवासी रामकुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गत 14 अप्रैल को रात आठ बजे गांव रामपुर जाट्टान में किसी काम से गया था। इस दौरान उसकी वहां पर संदीप के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपी संदीप ने लोहे की रॉड से वार कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### घिलोर की पंचायती भूमि पर खड़े पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव घिलोर की पंचायती भूमि पर खड़े पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए। आरोप गांव की प्रकाशो देवी व ठेकेदार सतीश कुमार पर लगा है। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिमरन ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव घिलोर की पंचायती भूमि पर खड़े पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया गया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पंचायती भूमि से पेड़ कटे मिले। जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि यह पेड़ गांव की प्रकाशो देवी व ठेकेदार सतीश कुमार द्वारा काटे गए है। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### सोशल मीडिया पर हथियार संग वीडियो डाली, गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो डालना एक युवक को महंगा पड़ गया। थाना कृष्णा गेट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक कुमार निवासी थानेसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के निर्देश पर गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी ने फेसबुक पर बंदूक से लापरवाहीपूर्वक हवाई फायरिंग का वीडियो अपलोड किया है। जांच में वीडियो सही पाया गया, जिससे समाज में भय का माहौल बनने की आशंका थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक और लाइसेंस बरामद किया गया, जो उसके भाई के नाम पर है। आरोपी के खिलाफ थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


**जांच में खुलासा:** तमिलनाडु-नगालैंड तक के वाहन भी अंबाला में पंजीकृत

# बाहरी राज्यों की 200 से ज्यादा गाड़ियां फर्जी पतों पर रजिस्टर्ड, होगी एफआईआर

गहनता से हो रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

फर्जी रिहायशी पतों व दस्तावेजों के जरिए बाहरी राज्यों के 200 से ज्यादा वाहन अंबाला में रजिस्टर्ड हो गए। मजे की बात है कि जांच में तमिलनाडु और नगालैंड के भी कई वाहन जांच में यहां दर्ज पाए गए। अंबाला छावनी के उप-मंडलाधिकारी कार्यालय में हुए वाहन पंजीकरण घोटाले की परतें अब धीरे धीरे खुल रही हैं। जांच के दौरान ऑफिस क कई अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई है। अभी पूरे मामले की गहनता से जांच हो रही है।




एआई जेनरेटेड इमेज

### कार्रवाई फाइनल रिपोर्ट के बाद

जांच टीम से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि एक हाइड्रोलिक मोबाइल क्रेन केपी कंस्ट्रक्शन के नाम पर दर्ज थी। जांच में ऐसी कोई कंपनी नहीं मिली। कंपनी का असली मालिक तमिलनाडु का निकला।जांच में एक क्रेन भी यहां रजिस्टर्ड हुई जिसका मालिक कोयंबटूर का निकला। जांच के दौरान फॉर्म 20, 21 और 22 गायब मिले, केवल असत्यापित फोटोकॉपी फाइल में थी। कोई वैध बीमा कागजात या मोटर वाहन निरीक्षक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं था। मालिकों के यहां के निवास का कोई वैध प्रमाण या आईडी तक जमा नहीं मिली। जांच रिपोर्ट में इस फर्जीवाड़े के पीछे शासकीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हालांकि अभी मामले में कई स्तर पर जांच हो रही है। फाइनल रिपोर्ट तैयार होने के बाद इस मामले में आपराधिक केस दर्ज होने की बात कही जा रही है।

**टैक्स चोरी मकसद**

अभी तक की जांच में यह बात सामने आई है कि यह घोटाला फर्जी पते व दस्तावेजों के जरिए हो रहा था। तमिलनाडु और नगालैंड जैसे राज्यों के वाहनों को यहां फर्जी पतों पर रजिस्टर्ड किया गया है। टैक्स चोरी के मकसद से यह पूरा खेल हुआ है। अब तक की जांच में 213 वाहन ऐसे पाए गए जिनका यहां फर्जी दस्तावेजों के जरिए रजिस्ट्रेशन हुआ है। हालांकि अभी तक यह बात सामने नहीं आई है कि यहां वाहन रजिस्ट्रेशन के नाम पर कितनी रकम वसूली गई। मगर इसकी एवज में लाखों का खेल होने की संभावना जताई जा रही है।

# ट्रॉली के पहिए के नीचे आकर किसान की मौत

**बराड़ा।** क्षेत्र के गांव सुभरी में एक दर्दनाक हादसे में किसान सोहन लाल (50) की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। वह पिछले करीब 15 वर्षों से गांव के ही एक किसान की कंबाइन पर काम कर रहे थे। 15 अप्रैल को तंदवाल गांव में गेहूं की कटाई के दौरान उनका बेटा विकास कुमार दोपहर में खाना लेकर खेत पहुंचा। सोहन लाल कच्चे रास्ते पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास बैठकर खाना खाने लगे, जबकि ट्रैक्टर पहले से चालू था। इसी दौरान कंबाइन चालक के इशारे पर ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर को आगे बढ़ाने के बजाय अचानक पीछे कर दिया, जिससे ट्रॉली का पहिया सोहन लाल के ऊपर चढ़ गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बेटे के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अधोई के पास कार की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

**बराड़ा।** अधोई के पास एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अंबाला कैंट की बाजीगर कॉलोनी निवासी जसपाल (लगभग 25 वर्ष) के रूप में हुई है। 15 अप्रैल की रात वह अपने दोस्त विक्रम चंद के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे अधोई बस अड्डा के पास सामने से आ रही स्विफ्ट कार ने कथित तौर पर गलत दिशा में तेज गति से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जसपाल गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विक्रम चंद को भी चोटें आईं और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर कार चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खारवन रोड पर दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

- बाइक रिपेयरिंग का काम करता था बसंत, सुबह दुकान जाते वक्त हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के खारवन मार्ग पर रामबास मोड़ के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक गाजदीन निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा बसंत (22) खारवन गांव में मोटरसाइकिल रिपेयर का काम करता था। रोज की तरह आज सुबह भी बसंत मोटरसाइकिल पर गांव खारवन स्थित अपनी दुकान पर जा रहा था।

रास्ते में खारवन के नजदीक किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर हालत में राहगिरों ने उसे अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादेस के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक के चाचा मोहित ने बताया कि बसंत की शादी को हुए अभी डेढ़ साल ही बीता है। वहीं, मामले की जांच कर रही बुड़िया पुलिस का कहना है कि मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। ताकि अज्ञात वाहन के बारे में पता चल सके।

### होलसेल मनियारी की दुकान से 3.5 लाख की नकदी ले गए चोर

**यमुनानगर।** शहर के महावीर चौक के पास स्थित एक होलसेल मनियारी दुकान को चोरों ने देर रात निशाना बनाते हुए करीब साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर दुकान में ऊपरी रास्ते से रोशनदान का लोहे का फ्रेम काटकर घुसे और सीढ़ियों का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। शहर थाना पुलिस टीम ने मौके का मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार दुकानदार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अमनप्रीत सिंह शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मनियारी होल सेल की दुकान महावीर चौक रेलवे रोड के पास स्थित है। उसने रात करीब नौ बजे अपनी दुकान बंद की थी। उस समय दुकान के काउंटर में बने गल्ले में पिछले तीन चार दिन की कैश साढ़े तीन लाख रुपये रखे थे। जब सुबह वह दुकान पर पहुंचा तो सफाई कर्मचारियों ने बताया कि दुकान का सामान बिखरा हुआ है। इस पर उसने तुरंत काउंटर का गल्ला चेक किया। जो खुला हुआ मिला और उसमें रखा सारा कैश गायब था। अमनप्रीत सिंह ने बताया कि जब उसने ऊपर की मंजिलों की जांच की तो पहली मंजिल पर भी सामान बिखरा मिला। दूसरी मंजिल की सीढ़ियों का ताला टूटा हुआ था और रोशनदान का लोहे का फ्रेम कटा हुआ था। इससे स्पष्ट हुआ कि कोई अज्ञात चोर ऊपर के रास्ते से दुकान में घुसे और कैश चोरी करके फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए।

# एमडीएच की डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर ₹5.25 लाख ठगने के दो आरोपी गिरफ्तार

## साइबर थाना पुलिस ने कोर्ट में पेश कर 6 दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला की साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम ने एमडीएच कंपनी की ड़िस्ट्रीब्यूटरशिप देने के नाम पर सवा पांच लाख रुपये की ठगी के मामले में बिहार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बिहार के जिला नालंदा के गांव हुसैना के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ 2024 में ठगी का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया गया है।

साइबर क्राइम थाना प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतापनगर निवासी कुमार गौरव ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसने प्रतापनगर निवासी निखिल गुप्ता के साथ नया कारोबार करने का निर्णय लिया। इस बीच उन्होंने फेसबुक पर एमडीएच मसालों से संबंधित विज्ञापन फेसबुक पर देखा। जब उस पर दी गई वेबसाइट खोली तो उसमें डीलरशिप के आवेदन के लिए कहा गया था। 14 जनवरी को उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन कर दिया।




इसके दो दिन बाद उनके पास काल आया और साइट पर दस्तावेज अपलोड करने के लिए कहा गया। 23 जनवरी को कॉल आया और उनसे फीस के रूप में 39 हजार 800 रुपये जमा कराए गए। इसके बाद उनके पास एक ईमेल आई। जिसमें प्रतिवर्ष के एग्रीमेंट की फीस 19 हजार 745 रुपये के हिसाब से पांच वर्ष की फीस अग्रिम जमा कराने के लिए कहा गया। जिस पर उन्होंने 98 हजार 725 रुपये जमा करा दिए। इसके बाद उनके पास एनओसी फीस व अन्य चार्ज के लिए दो लाख 83 हजार रुपये जमा कराने से संबंधित ईमेल आई। जिस पर उन्होंने वह रुपये भी बैंक में जमा करा दिए। जिस खाता में रुपये जमा कराए गए। वह भी महाशिया दी हट्टी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से थी। जिससे उन्हें भी पूरा विश्वास हो गया था। बाद में उनके पास फाइनल डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए 92 हजार 800 रुपये जमा कराने से संबंधित ईमेल आई। यह रुपये भी उन्होंने जमा करा दिए। इसके बावजूद उनको डीलरशिप के लिए कोई प्रमाण पत्र नहीं मिला। 29 जनवरी को उनके पास फिर कॉल आई और तीन लाख रुपये की मांग की गई। शक होने पर उन्होंने एमडीएच कंपनी की साइट से कस्टमर केयर नंबर लेकर इस बारे में बात की तो पता लगा कि इस तरह का कोई विज्ञापन कंपनी ने नहीं दिया गया। 31 जनवरी को इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिहार के जिला नालंदा के गांव हुसैना निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सड़क के बीच में खड़ी बाइक हटाने को लेकर हंगामा किशोर ने एसपीओ से चालान मशीन छीनकर फेंकी

- एसपीओ को थप्पड़ मारकर भागने का आरोप
- पुलिस ने किशोर व उसके चाचा पर किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी के मुख्य बाजार में बीती रात सड़क के बीच में खड़ी बुलेट बाइक हटवाने को लेकर हंगामा हो गया। जब ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी बुलेट का चालान करने लगी तो नाबालिग बुलेट चालक ने एसपीओ से चालान मशीन छीनकर फेंक दी। आरोप है कि आरोपी ने एसपीओ को थप्पड़ मारकर मौके से भाग गया। इस दौरान आरोपी के चाचा ने पुलिस कार्रवाई में बाधा डालते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जगाधरी सिटी थाना प्रभारी राजेंद्र ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने साथी कर्मचारियों के साथ जगाधरी बाजार में मौजूद थे। बाजार में रास्ते के बीच एक बुलेट बाइक खड़ी थी। जब उन्होंने आसपास के लोगों से बाइक के बारे में पूछा तो किसी ने नहीं बताया कि यह किसकी है। इसके बाद उन्होंने चालान मशीन से बाइक का नंबर चेक करना शुरू किया। इसी दौरान एक युवक वहां आया और एसपीओ रणदीप सिंह के हाथ से चालान मशीन छीनकर फेंक दी। इस पर होमगार्ड ने आरोपी युवक को बाइक हटाने के बारे में पूछा तो आरोपी तैश में आ गया। आरोपी पुलिस कर्मचारियों के साथ बहस करने लगा। इस दौरान उसने आरोपी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने एसपीओ रणदीप को जोर से थप्पड़ मार दिया और भागकर पास की एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में घुस गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मी दुकान के अंदर गए। इस दौरान दुकान में मौजूद गुरदीप सिंह नामक व्यक्ति युवक को बचाने के लिए पुलिस से उलझ गया। आरोपी गुरदीप ने बताया कि वह उसका भतीजा है। आरोपी ने उसे पुलिस कर्मचारियों की वर्दी उतरवाने का धमकी भी दी। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग को काबू कर लिया जबकि आरोपी गुरदीप मौके का फायदा उठाकर वहां से भाग गया। पुलिस ने बुलेट को इम्पाउंड कर दिया और नाबालिग व गुरदीप के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

खानुवाला के पास अवैध खनन सामग्री से भरे वाहनों की जांच के लिए लगाया हुआ था नाका

# नाके पर तैनात एसपीओ को डंपर से कुचलने का प्रयास

पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव खानुवाला पुलिस नाके पर डंपर चालक ने ड्यूटी पर तैनात एसपीओ के ऊपर डंपर चढ़ाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। गनीमत यह रही कि वह पीछे कूद गया। जिससे उसकी जान बच पाई। उसने जब पीछा कर डंपर को रोका तो आरोपी चालक ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन यमुनानगर निवासी एसपीओ मदनलाल ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव खानुवाला के पास अवैध खनन सामग्री से भरे वाहनों की जांच के लिए नाका लगाया हुआ है। 15 अप्रैल को सुबह छह बजे वह खानुवाला नाके पर ड्यूटी पर तैनात था।

इस दौरान उसे खनन सामग्री से भरा डंपर आता दिखाई दिया। जब उसने डंपर को रूकने का इशारा किया तो आरोपी चालक ने उसके ऊपर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया और डंपर को मौके से भगा ले गया। उसने पीछे कूदकर अपनी जान बचाई।

इसके बाद उसने डंपर का पीछा करना शुरू कर दिया। जब उसने आगे जाकर डंपर का रोका तो डंपर चालक ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। उसने मामले की सूचना छछरौली पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने किया निरीक्षण, अधिकारियों से की चर्चा**

# 20 एकड़ में डॉमेस्टिक एयरपोर्ट तैयार, शुरुआत जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने वीरवार को अंबाला छावनी में बने डॉमेस्टिक एयरपोर्ट का निरीक्षण करते हुए पीडब्ल्यूडी और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से चर्चा की।

अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि एयरपोर्ट में निर्माण कार्य को पूरा कर लिया गया है। विज ने एयरपोर्ट में सुरक्षा संबंधित विषयों पर गहनता से चर्चा की तथा इससे संबंधित कार्यों को तुरंत पूरा करने के लिए चंडीगढ़ में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक भी बुलाई। उन्होंने निरीक्षण के दौरान डोमेस्टिक एयरपोर्ट में पूरे किए गए कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि एयरपोर्ट में निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि विमान यात्रियों के आने-जाने, खाने-पीने, बैठने, वाहन पार्किंग एवं अन्य कार्य पूरे किए जा चुके है। विज ने निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट पर लगाए गए उपकरणों जिनमें बैगेज स्कैनर एवं अन्य बारे जानकारी ली।



**अंबाला।** अधिकारियों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज।

### 133 करोड़ जमीन, 18 करोड़ ढांचे व उपकरणों पर खर्च

काफी प्रयासों से डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाने के लिए अम्बाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन के ठीक साथ रक्षा मंत्रालय से 133 करोड़ रुपये में 20 एकड़ जमीन ली गई है। 18 करोड़ से एयरपोर्ट का ढांचा तैयार किया गया है तथा यहां पर उपकरण लगाए गए हैं। छावनी एक महत्वपूर्ण स्टेशन है और यहां पर रेलवे का जंक्शन है और विभिन्न राजमार्ग यहां जुड़ते हैं। अंबाला छावनी की कनेक्टिविटी हिमाचल प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अन्य जगहों से सीधी है। डोमेस्टिक एयरपोर्ट शुरू होने से यहां विमान में यात्रा करने वालों की भरमार होगी। हालांकि एयरपोर्ट से ऑपरेट करने के लिए एयरलाइंस को भी पहले ही मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, एक्सईएन इलेक्ट्रिकल नवीन राठी, डोमेस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला छावनी के डायरेक्टर विक्रमजीत, टर्मिनल मैनेजर मोहित समेत एयरपोर्ट अर्थोरिटी ऑफ इंडिया से अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# न्यूनतम वेतन के लिए किया प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** न्यूनतम वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर विभिन्न संगठनों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौपा। सीटू हरियाणा के जिला सहसंयोजक अनिल कुमार, सुनील रत्न, पिंकी , रोशन लाल, सुखविंदर, सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान रामनाथ भाट्टी, जिला सचिव संदीप नरवाल, राज्य उपप्रधान संदीप सांगवान, विशाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ नेता सुरेश गुढ़ा, फायर ब्रिगेड नेता मनजीत भुलर, जन संघर्ष मंच महासचिव सुदेश कुमारी, चन्द्र रेखा, उषा कुमारी, मनरेगा मजदूर यूनियन महासचिव सोमनाथ, सेवा राम आदि ने कहा कि सरकार व प्रशासन मजदूरों की खराब हालत को सुधारने के लिए कदम उठाए। अभी तक उसका रुख मजदूरों का दमन करने का रहा है। उन्होंने कहा कि 23196 रुपए न्यूनतम वेतन घोषित करवाने की मांग केवल सीटू की नहीं है बल्कि इसके लिए बनी कमेटी ने 29 दिसंबर 2025 की बैठक में इस पर सर्व सम्मति से राय बनी थी। इस कमेटी में फैक्ट्री मालिकों की एसोशिएशन, ट्रेड यूनियनों, सरकार व श्रम विभाग के प्रतिनिधि शामिल थे। पानीपत में इस कमेटी की 9वीं बैठक में यह सर्वसहमति बनी थी।

## खबर संक्षेप




### आधुनिक डिजाइनिंग तकनीक सीखी

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा यूवी रेजिन कला पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'द फैशन रूट्स ऑफ करनाल' से आईं रीना गुप्ता ने छात्राओं को पेंडेंट, झुमके, की-चेन और स्टड जैसे आभूषण बनाना सिखाया। साथ ही रेजिन पोरिंग और क्योरिंग की तकनीकों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या मीनू शर्मा ने छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन पर जोर दिया।

### छात्र को मरणोपरांत गोल्ड मेडल, निधन पर शोक

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के एम.ए. पंजाबी के छात्र गुलशन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि गुलशन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की, लेकिन दुर्भाग्यवश मेडल मिलने से पहले ही करंट लगने से उनकी कस्मिक मृत्यु हो गई। कॉलेज प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए छात्र के निधन पर गहरा शोक जताया और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### गेहूं खरीद व उठान में तेजी लाने के निर्देश

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के एसडीएम और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों का नियमित निरीक्षण किया जाए और खरीद व उठान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और खरीदी गई फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसानों के बैंक खातों में भुगतान निर्धारित समय सीमा में किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें।

### नारी निकेतन और बाल आश्रम का निरीक्षण



**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डा. इरम हसन ने नारी निकेतन व श्रद्धानंद बाल आश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। डा. इरम हसन ने महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता के प्रति जागरूक किया और बच्चों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

इसके बाद वह दयाल सिंह कॉलेज पहुंचीं, जहां प्रधानाचार्य आशिमा व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने और लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया।

### स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में गुणवत्ता पर दिया जोर

**करनाल।** उपायुक्त एवं स्मार्ट सिटी करनाल के सीईओ डा. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी से जुड़े सभी प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि शहर में निर्माणाधीन एलिवेटेड ब्रिज, शक्ति कॉलोनी में बन रहे कमर्शियल ब्लॉक और वर्किंग वूमेन होस्टल सहित सभी परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा किया जाए।

# सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में बेहतर अंक को लेकर बच्चों में छाई खुशी

विद्यार्थियों ने न केवल अपना बल्कि स्कूल व जिले का नाम भी रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- सीबीएसई 10वीं में वीयूएमएम जैन स्कूल का शानदार प्रदर्शन

सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में बेहतर अंक को लेकर बच्चों में खुशी छाई हुई है। स्थानीय वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी का माहौल बन गया और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। प्रधानाचार्या तनुजा सचदेवा ने बताया कि जानवी ने 90.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एवी और माही कंबोज ने 89.6, भूपिंदर ने 88.4 प्रतिशत, देवांश ने 87.8 , हर्ष ने 85.8 प्रतिशत तथा दिशा ने 84.2 अंक प्राप्त किए। विषयवार उच्च अंक में अंग्रेज़ी (93) और हिंदी (91) में जानवी, गणित (95) में देवांश, विज्ञान (90) में हर्ष तथा सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर (96-96) में एवी ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए।




### भूमिका ने किया टॉप

श्री रामचरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। भूमिका ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अखिल चौहान ने 90 प्रतिशत, माफी ने 86 प्रतिशत, मरियम मिर्जा ने 85 प्रतिशत, रितिका ने 84.8 प्रतिशत, खुशी ने 84.4 प्रतिशत, अवनि सैनी ने 83.6 प्रतिशत, हर्षित ने 81.6 प्रतिशत तथा दृष्टि ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नंदिनी ने मारी बाजी

बाबा राम दास विद्यापीठ कुलवेहड़ी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा नंदिनी ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जानवी पाल ने 92.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और पलक ने 91.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय का कुल परिणाम सराहनीय रहा।

### मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम रहा शानदार

**इंद्री।** मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल इंद्री के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा तन्वी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा वैष्णवी 91.4 प्रतिशत, हार्दिक 91.2 प्रतिशत तथा चाहत ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव शर्मा एवं चेयरपर्सन मंजू गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### आस्था 6.6 प्रतिशत अंक लेकर इंद्री ब्लॉक में बनी टॉपर

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री के दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत आने पर स्कूल मे खुशी का माहौल है । स्कूल की छात्रा आस्था ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर इंद्री ब्लॉक में टॉप स्थान पाया है। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल मैनेजमेंट के रमेश कांबोज, कंवर लाल कांबोज व प्रधानाचार्य ज्योति खरबंदा ने बताया कि स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत आने से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल की छात्रा आस्था ने ब्लॉक में टॉप किया है। उन्होंने बताया कि जागृति 91.8 प्रतिशत अंक लिए है । स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा व सात बच्चों ने मेरिट में और 25 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में स्थान हासिल किया है।



## जनगणना 2027 में खुद कर सकेंगे अपनी गणना




**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 के पहले चरण से पूर्व नागरिक स्वयं भी अपनी गणना कर सकेंगे। आमजन 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। लघु सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने कहा कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का होगा, जबकि दूसरा चरण 9 से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना का रहेगा। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश की योजनाओं और नीतियों के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इसमें दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहती है। स्वगणना के लिए नागरिक गूगल पर सेल्फ एनुमरेशन सर्च कर पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं। ओटीपी के जरिए लॉगिन करने के बाद भाषा का चयन कर गूगल मैप पर अपने घर की लोकेशन निर्धारित करनी होगी। इसके बाद मकान व परिवार से जुड़े 27 प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं का सशक्तिकरण : रेणू

- 33 प्रतिशत आरक्षण से राजनीति में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इसके लागू होने से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जिससे उनकी राजनीतिक भागीदारी मजबूत होगी।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगा। इससे महिलाएं नीति निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकेंगी और लोकतंत्र अधिक संतुलित व समावेशी बनेगा। उन्होंने विपक्षी दलों से भी इस अधिनियम का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि यह पूरे देश की महिलाओं के हित में है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने गानों और सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री पर चिंता जताते हुए इसे घटिया मानसिकता बताया।



करनाल। सेक्टर

**सेंसरशिप और निगरानी तंत्र की सिफारिश :** रेणु भाटिया ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र भेजकर सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट पर निगरानी के लिए विशेष तंत्र बनाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने फिल्मों की तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी सेंसरशिप व्यवस्था लागू करने और आपत्तिजनक सामग्री पर तुरंत कार्रवाई की मांग की।

### भजन पार्टियों ने गांव में पहुंचकर दी योजनाओं की जानकारी

**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और नारी शक्ति वंदन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकार सक्रिय हो गए हैं। विभाग की भजन पार्टियां ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। इसी क्रम में कलाकारों ने गांव बस्ताड़ा, शाहपुर, औंगद, गढ़ी साधान, उपली और पिचौलिया में लोकगीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। कलाकार लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण, ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी गीतों के माध्यम से दे रहे हैं।

### 1 से 15 मई तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छ भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हरियाणा सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकायों में वार्ड स्तर पर करीब 1520 कमेटियों का गठन किया जा चुका है। वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कमेटी सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्ड में अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि 1 मई से 15 मई तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कूड़ा निस्तारण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जाए और लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोगों से सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त अशोक कुमार, संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### एनसीआर में एकसमान न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन

**करनाल।** सीटू के बैनर तले करनाल में फव्वारा पार्क में मजदूरों की सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान बिजनेश राणा ने की। सभा के बाद प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने एनसीआर क्षेत्र में एक समान न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग की और 23,196 रुपये न्यूनतम वेतन तय करने पर जोर दिया। उन्होंने मानेसर आंदोलन में गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई की भी मांग की। नेताओं ने कहा कि एनसीआर के विभिन्न राज्यों में न्यूनतम वेतन अलग-अलग है, जबकि जीवनयापन का खर्च लगभग समान है।




### 98.4 प्रतिशत अंक लेकर भव्य सनेजा बना टॉपर

**तरावड़ी।** ब्रह्मऋषि विद्या मंदिर, तरावड़ी के लिए इस वर्ष का कक्षा 10वीं का परिणाम गर्व का विषय बन गया, जब विद्यालय के मेधावी छात्र भव्य सनेजा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। इस उपलब्धि के साथ भव्य सनेजा ने जिले में तीसरा स्थान तथा नीलोखेड़ी ब्लॉक में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। भव्य सनेजा की इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद लगनशील और समर्पित रहा है। उसकी मेहनत और एकाग्रता का ही परिणाम है कि आज उसने यह मुकाम हासिल किया है। भव्य सनेजा के पिता नवल किशोर, जो पेशे से कार मैकेनिक तरावड़ी निवासी हैं, ने भावुक होते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि उनका बेटा आगे चलकर आईआईटी करना चाहता है।

## न्यूज डायरी

### नरसिंह दास पब्लिक स्कूल का शानदार रहा रिजल्ट

**तरावड़ी।** नरसिंह दास स्कूल के छात्रों ने अपनी तथा अध्यापकों की कड़ी मेहनत द्वारा सर्वोत्तम अंक पाए। करण तगेजा 94.2 प्रतिशत, निकिता 92 प्रतिशत, भूमिका धीमान 91.2 प्रतिशत और रमनप्रीत कौर 90. 8 प्रतिशत विद्यार्थियों ने शानदार रिजल्ट दिया। 48 विद्यार्थियों में से 26 बच्चों के 70 प्रतिशत से ऊपर नंबर आए। विषय अनुसार 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया हिंदी में भूमिका धीमान ने 97, सामाजिक शास्त्र में रमनप्रीत ने 98, आई 0टी0 में निकिता ने 97, अंग्रेजी में करण तगेजा ने 97, विज्ञान में निकिता ने 94, गणित में करन तगेजा ने 95, पंजाबी में युवराज ने 94 अंक प्राप्त किए। विद्यालय संरक्षक मधु गुप्ता ने बच्चों और उनके अभिभावकों और अध्यापक वर्ग को बधाई दी तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए मुंह मीठा करवाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की असली पहचान हैं। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से इसे सिद्ध कर दिखाया है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी तरह विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। इस अवसर पर विषय अध्यापक सुनीता गाबा, मनीष मित्तल,भवनीश हरीश, रुचि,अमित शर्मा, अमन, रमेश, दिनेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### प्रताप पब्लिक स्कूल के छात्रों ने फहराया परचम

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में दसवीं कक्षा में विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर बाजी मारी है। सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें प्रताप स्कूल, तरावड़ी के बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की, 42 प्रतिशत विद्यार्थियों ने डिस्ट्रक्शन प्राप्त की और 75 प्रतिशत विद्यार्थी मेरिट के साथ पास हुए टापर स्कोर प्राप्तियों के नाम:-स्नेहा कामरा:-98.4 प्रतिशत, दीपांशी गर्ग:-96.2 प्रतिशत, गोपाल राणा:-95.6 प्रतिशत, भानु प्रताप सिंह:-95.2 प्रतिशत

सभी विषयों मे उच्च स्तर पर विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल को उच्च शिखर की बुलंदियों तक पहुंचाया। स्कूल के चेयर पर्सन हन्नी चौधरी, निर्देशिका पिथी चौधरी तथा प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना देते हुए कहा कि यह आपकी मेहनत अनुशासन और नियमित अध्ययन का ही परिणाम है। विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का मुंह मीठा करवा कर उनको बधाई दी।

### एस.एम.एस. स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**तरावड़ी।** एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गत वर्ष की भाँति दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम का जश्न मनाया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने अध्यापकों व अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कक्षा दसवीं में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। कक्षा दसवीं में आदित्य ने प्रथम स्थान ,पारस ने द्वितीय स्थान तथा तुलसी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को इस शानदार परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकें। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने भी सभी विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लगन का प्रतीक है।

### युक्तधारा प्लेटफॉर्म से बढ़ेगी पारदर्शिता व गुणवत्ता



**नीलोखेड़ी/करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में युक्तधारा प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्राम पंचायतों की जीआईएस आधारित निगरानी पर जोर दिया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने उद्घाटन सत्र में कहा कि इस तकनीक से योजनाओं की सटीक योजना, रियल टाइम मॉनिटरिंग और संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग संभव होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कमलदीप सांगवान ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत स्तर पर आधुनिक तकनीक के जरिए कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ाना है। डॉ. चौहान ने कहा कि जीआईएस आधारित प्रणाली ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और कर्मचारियों को नई तकनीकों के प्रति दक्ष बनाएगी। उन्होंने हिंदी में कार्य करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर एनआईआरडीपीआर हैदराबाद से सलाहकार अब्दुल मोईद, गुरबिंदर सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### घंटाकर्ण महावीर कृपा दिवस पर भक्ति संगम का आयोजन

# भजनों और सामूहिक जाप से गूंजा तीर्थस्थान

- भक्ति संगम कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इंद्री रोड स्थित घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान पर महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर भक्ति संगम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत घंटाकर्ण बीज मंत्र के सामूहिक जाप से हुई, जिसमें लोकमंगल और सभी के कल्याण की कामना की गई।

कार्यक्रम में मुनि संयमेश, मुनि अभिनव, साध्वी जागृति सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सुमधुर भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों की पंक्तियों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर नजर आया। उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भक्ति ही परमात्मा की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने बताया कि निष्काम भाव से की गई भक्ति अधिक फलदायी होती है और दैवी शक्तियां अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाती हैं। उन्होंने श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे 52 वीरों में प्रमुख स्थान रखते हैं और जैन, हिंदू व बौद्ध परंपराओं में विशेष पूजनीय हैं। साध्वी संगीत ने कहा कि धर्म की नींव आस्था पर टिकी होती है और श्रद्धा के बिना भक्ति अधूरी है। कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसकी सेवा का लाभ प्रभात फर्टिलाइजर लिमिटेड परिवार ने लिया।



करनाल। श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सुमधुर भक्ति गीत प्रस्तुत करते मुनि। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आईबी पीजी कॉलेज की मानवी प्रदेश में द्वितीय

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष अंग्रेजी ऑनर्स की छात्रा मानवी ने हाल ही में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन लघुकथा लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, मानवी को प्राचार्य डॉ.सतबीर सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ.नीलम ने बधाई व उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### मेडिकल कैंप में आंखें जांची, चश्में वितरित

**पानीपत।** श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.ओपिन कुमार व उनकी टीम के साथ नागरिकों के नेत्र जांच की। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, रामसरूप चावला, सुंदर लाल वधवा, श्रीराम ग्रोवर, राकेश आनंदइ, अविनाश पुनानी, श्याम सुंदर ग्रोवर, तिलक राज छोकरा, अविनाश पुनानी, राजन छोकरा, कमल छाबड़ा, सुमित वधवा, हितेश आंनद, नरेश आनंद, हंसराज आनंद, लाला हरिचंद, डा.आयुषी, राजविंद्र कौर आदि उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग को पीटा, 20 पर मुकमद दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के राम नगर निवासी लक्ष्मणदास को करीब बीस युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं, लक्ष्मणदास की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने मोमिन, बीरु, सिंगा, अजीत बाबू, विजय व इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिता और भाई पर ठगी के लगे आरोप

**पानीपत।** पानीपत में फरीदाबाद के प्रॉपर्टी डीलर के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला शिक्षक ने अपने पिता व भाई पर सात लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। महिला शिक्षक का आरोप है कि भाई ने उसका कॉलेज से किडनैप करने की चेष्टा भी की। वहीं पिता व भाई ने उसकी हत्या की साजिश रची। महिला ने अपने पिता और भाइयों के खिलाफ शिकायत दे कर इनसे अपनी जान का खतरा बताया और पुलिस से सुरक्षा की मांग की।

### हाईवे पर कार पलटी बाल-बाल बचे सवार

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय के सामने एलिवेटेड हाईवे पर वीरवार की सुबह कार पलट गई। हादसे में कार के एयरबैग खुल गए और इसमें सवार लोग बाल बाल बच गए। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस की जांच में पता चला कि कार दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और सड़क पर दो बार पलट गई।

### घर से जेवर और नकदी चोरी, शिकायत दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव बहरामपुर निवासी राजकुमार के घर से चोरों ने बीस हजार रूपये की नगदी, मोबाइल फोन सैट, चांदी व सोने से बने जेवर चोरी कर लिए। वहीं, राजकुमार की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने भगौड़ा घोषित को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने मारपीट के केस में न्यायालय से भगोड़ा घोषित आरोपी आठ मरला निवासी रमेश को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने रमेश को गत वर्ष अगस्त माह में भगौडा घोषित किया था। वहीं थाना सिटी ने कोर्ट के आदेश पर रमेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 209 के तहत दूसरा केस दर्ज किया था।

### पुलिस ने नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने बबैल से बराना रोड पर रिंकू पुत्र कृष्ण निवासी विकास कॉलोनी करनाल को 31.25 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। थानेदार सुभाष ने बताया कि रिंकू पर थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया।

## विधायक ने समालखा अनाज मंडी में आढ़तियों व किसानों की समस्याएं

# गेहूं के एक-एक दाने की खरीद करेगी सरकार : विधायक भड़ाना

किसानों को सरकार सुविधाएं प्रदान कर रही है ताकि जगह-जगह धक्के ना खाने पड़े


समालखा। अनाज मंडी में गेहूं की खरीद का जायजा लेते हुए विधायक मनमोहन भड़ाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

भाजपा विधायक मनमोहन भड़ाना ने वीरवार को अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बात की तथा समस्याएं जानी। जिसके बाद उनका मौके पर ही निदान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक भड़ाना ने कहा कि किसानों व आढ़तियों को फसल की खरीद में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। विधायक ने कहा प्रदेश सरकार ने किसानों के एक एक दाने की खरीद का निर्णय लिया है। सबसे पहले किसानों के अनाज की खरीद शुरू कराई है। बारदाना उपलब्ध कराया गया। किसानों को भी भाजपा सरकार आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रही है ताकि उन्हें जगह-जगह धक्के ना खाने पड़े। विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि प्रदेश की पूरी सरकार आजकल अनाज मंडियों में ही निरीक्षण पर जुटी हुई तथा देश के अन्न दाता को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जा रही है।


पानीपत। बाबरपुर मंडी में किसानों से संवाद करते हुए उपायुक्त व पुलिस कप्तान।

## अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान गेहूं की लिफ्टिंग में देरी से नाराज हुए डीसी

■ बाबरपुर मंडी में किसानों से सीधा संवाद किया, समस्याओं को जानकर समाधान किया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने गुरुवार को बाबरपुर अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने, मंडी में किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना व उनका निराकण किया। डीसी डॉ दहिया जहां सरकारी गेहूं की लिफ्टिंग में देरी से नाराज हुए वहीं उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या अव्यवस्था को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसान हित हर हाल में सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने गेहूं की लिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, डॉ दहिया ने किसानों से बातचीत की और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को जाना। दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने भी मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडियों में शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## खेत व किताब की कृषि में अंतर : डॉ. नैन


पानीपत। किसान कष्ट निवारण समीक्षा शिविर में भाग लेते डॉ. नवीन नैन भालसी व कृषि विशेषज्ञ। *फोटो : हरिभूमि*

■ किसान कष्ट निवारण समीक्षा शिविर में किसानों व कृषि विज्ञानियों ने सीधा संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में किसान कष्ट निवारण समीक्षा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों, किसान संगठनों के पदाधिकारियों आदि ने भाग लिया और अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। वहीं, शिविर का आयोजन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों की जमीनी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था। कार्यक्रम में एसआरएम युनिवर्सिटी एनसीआर दिल्ली के विद्यार्थी व विशेषज्ञों ने किसानों के साथ सीधे संवाद कर खेती से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों को जाना। दूसरी ओर, सीधा संवाद में यह सामने आया कि किताबों में पढ़ाई जाने वाली कृषि और जमीन पर होने वाली खेती में काफी अंतर है, जिसे दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। शिविर में किसानों ने मंडियों में खरीद से जुड़ी समस्याएं, फसल के उचित मूल्य की कमी, सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव तथा कृषि से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को खुलकर रखा। विशेषज्ञों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों ने इन सभी विषयों पर गंभीर चर्चा करते हुए समाधान के लिए सुझाव दिए।

### शिविर में समाधान

डॉ नैन ने कहा कि यह शिविर किसानों की आवाज़ को एक मंच देने का प्रयास है। आज किसानों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की शुरुआत की गई है। भविष्य में भी इस तरह के कैंपों का आयोजन किया जाएगा। कैंप में इनेलो के प्रधान महासचिव हरियाणा किसान सैल चौधरी प्रेम सिंह भालसी, एसआरएम युनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार वी.सेमयूल राज, भाकियू जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह धौन्चक, मनोज जागलान, राजेश धनखड़ (झज्जर), ऑस्ट्रेलिया से मोहित नैन, राम किशन राठी, राम भगत रूहल व युनिवर्सिटी के शिक्षक, विद्यार्थी व अनुभवी किसान उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन और पोषण पखवाड़े को लेकर महिला कॉलेज में कार्यक्रम

■ नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मतलौडा

स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राजपाल कौशिक के नेतृत्व में एनएसएस और वुमन सेल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और 'पोषण पखवाड़ा' के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया।कार्यक्रम का आगाज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण और खाद्य मिलावट जैसे विषयों पर संदेश दिए। इसके बाद प्राचार्य ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने नारों के जरिए समाज को पोषण और महिला अधिकारों के प्रति प्रेरित किया। प्राचार्य ने छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे सामाजिक बदलाव का आधार बताया।


मतलौडा। राजकीय महिला कॉलेज में जागरूकता रैली को रवाना करते हुए प्राचार्य राजपाल कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

## गंगौत्री में साधु-संतों के लिए राशन भेजा



**पानीपत।** श्री कैलाशी सेवा समिति फांउडेशन द्वारा संत श्री मुक्तानंद की प्रेरणा से उत्तरकाशी धराली व मुमुक्ष सेवा दण्डी क्षेत्र गंगोत्री धाम में साधु संतों के लिए 66वां ग्रीष्म कालीन भंडारा व संत राशन वितरण के लिए कैंटर रवाना किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि आरएसएस के प्रदेश प्रचारक राजेश गोयल, विशिष्ठ अतिथि नरेश सिंगला, सुशील सिंगला, अशोक गोयल, राजेंद्र गुप्ता, कन्हैया लाल गुप्ता व श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के संरक्षक विनोद पांचाल, पार्षद अशोक कटारिया, नवल जिंदल, राममेहर कौशिक ने श्री राम चौक से झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व श्री गंगा धाम मंदिर के पुजारी पंडित निरंजन पराशर द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई। वहीं संतों की सेवा को समिति के 40 सेवादार भी रवाना हुए। इधर, मुख्यअतिथि राजेश गोयल ने कहा कि साधु संतों की सेवा करना भगवान का पूजन करने जैसा है। इस अवसर पर कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी, नरेश गंगवानी, कैप्टन अनिल कौशिक, कुलदीप गोयल, ललित शर्मा, हरिओम, गोपाल सैनी, सेवा राम सैनी, प्रदीप तायल, बलजीत सैनी, संजय बंसल, अमित राज गुप्ता, सुरेश प्रजापति व संजय धीमान आदि मौजूद रहे।

### अवैध मार्केट निर्माण पर कार्रवाई हो : कपूर

**पानीपत।** आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने चेतावनी दी है कि दस दिन में जीटी रोड़ पर हुडा सेक्टर 11- 12 के साथ कटारिया एस्टेट में विकसित की जा रही अवैध मार्केट को ध्वस्त न किया तो वे, जनप्रतिनिधि के साथ नगर निगम आयुक्त पंकज यादव सहित संबंधित अधिकारियों पर लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज कराया जाएगा। वहीं, कपूर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, विधायक प्रमोद विज, उपायुक्त, कमिश्नर नगर निगम, एस्टेट ऑफिसर हुडा, डीटीपी (पी) को पत्र भेज कर जीटी रोड़ पर मलिक पेट्रोल पंप के साथ सात हजार वर्ग गज रकबा में बनाई जा रही अवैध मार्केट को ध्वस्त करने की मांग की है।

### प्रशासन परीक्षा को तैयार

**पानीपत।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस (एक्जीक्यूटिव ब्रांच) व अन्य संबद्ध सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा-2025 को 26 अप्रैल (रविवार) को सफलतापूर्वक, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया दहिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में एचपीएससी सदस्य आनंद शर्मा समेत अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध कालोनियों पर डीटीपी की कार्रवाई

**पानीपत।** डीटीपी ने अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की। अभियान के तहत दो जेसीबी मशीनों की मदद से एक निर्माणाधीन मकान, पांच डीपीसी, संपूर्ण कच्ची सडक नेटवर्क, जल आपूर्ति नेटवर्क, तीन चारदीवारें और सीमांकन को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई पानीपत जिला के नौल्था, डाहर, तरफ राजपूतान और उग्रा खेड़ी गांवों के राजस्व क्षेत्र में की गई, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 18 एकड़ है।

### पुलिस ने गांजा सप्लायर दिल्ली से पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार किलो गांजा तस्करी मामले में बुधवार को आरोपी अब्दुल वहाब निवासी शालीमार बाग, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### समस्याओं को लेकर नगर निगम की बैठक

**पानीपत।** स्थानीय शहरी निकाय विभाग आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लोगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा हैं और हर स्तर पर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त विचार मेयर कोमल सैनी ने स्थानीय आर्य कॉलेज में आयोजित वार्ड कमेटियों के साथ संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस वार्ड कमेटी संवाद कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, नगर परिषद समालखा के अध्यक्ष अशोक कुच्छल ,निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## दयाल सिंह स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार



**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल का सीबीएसई का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। दसवीं कक्षा के 162 विद्यार्थियों का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। प्राचार्या डॉ विनीता तोमर ने बताया कि दयाल सिंह स्कूल की वान्या चराया ने 99.80 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल नहीं बल्कि प्रदेश में अपना नाम दर्ज करवाया है। जबकि कृति जैन 99.60 ने प्रतिशत, मनन खुराना ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का, अपना व पानीपत का नाम रोशन किया है। इधर, रिजल्ट शानदार रहने के चलते वीरवार को विद्यार्थियों ने अपनी प्राचार्या डॉ विनीता तोमर व शिक्षकों के साथ जश्न बनाया। डॉ तोमर ने अपने स्टाफ के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं डॉ तोमर ने शानदार रिजल्ट के लिए स्कूल के शैक्षणिक स्टाफ को बधाई दी।

## हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को किया सील

**पानीपत।** पानीपत के समालखा में भापरा रोड पर स्थित हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को उपयुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के आदेश पर शिक्षा विभाग ने सील कर दिया। यह विद्यालय बिना मान्यता के चलाया जा रहा था। वही स्कूल के संचालक वीरेंद्र शास्त्री का दावा है कि उनके स्कूल के पास आठवीं कक्षा तक की मान्यता है। वही ड्यूटी मजिस्ट्रेट के मांगे जाने पर शास्त्री अपने स्कूल की मान्यता संबंधी कोई कागजात नहीं दिखा पाए। दूसरी ओर शास्त्री और उनके परिजनों ने शिक्षा विभाग की सीलिंग के विरोध में प्रदर्शन किया। वहीं, पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को स्कूल से दूर कर दिया और स्कूल के अंदर शिक्षकों और विद्यार्थियों को बाहर निकाल कर स्कूल को सील करवाया।

## आग से प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा



**पानीपत।** हरियाणा के पंचायत विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बुआना लाखु गांव में हुई आगजनी की घटना में जिन किसानों की फसलें जलकर नष्ट हो गई हैं, उन्हें सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। पंवार ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों की स्थिति का जायजा लिया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। स्मरणीय है कि गत दिनों बुआना लाखु गांव में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में करीब 32 किसानों की लगभग 80 एकड़ में खड़ी गेहूं की तैयार फसल राख हो गई थी। वहीं, प्रशासन द्वारा मामले की दो बार जांच भी की जा चुकी है, ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दिखाई शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखा

# हरियाणा में मजबूत हो रही है शिक्षा व्यवस्था : ढांडा

*विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने का किया जा रहा प्रयास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में वीरवार को "मिशन बुनियाद ओरिएंटेशन" कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि मिशन बुनियाद का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी शैक्षणिक क्षमताओं को सुदृढ़ करना, पढ़ने-लिखने एवं गणितीय कौशल को विकसित करना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास है, बल्कि अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में जिला स्पेशलिस्ट एवं उनकी टीम द्वारा तैयार "ओलंपियाड वॉल्यूम–टू पुस्तक का विमोचन शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व मेयर कोमल सैनी ने किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश बूरा, करण सिंह पूनिया, गुलाब पांचाल, डॉ. सुभाष चंद्र भारद्वाज, संदीप कुमार, संदीप रत्तेवाल, विपिन कुंडू, मोनिका आर्य, अनीता बटला, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सरला मलिक, रेखावंती, ज्योति संदीप रत्तेवाल, अभिषेक बासु, अनिल कुमार, गुरविंदर कौर, रितु रत्तेवाल, सुमन मान, कमलजीत, रणदीप खोखर, मित्रसेन की उपस्थित में शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा ने जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा द्वारा संचालित "शिक्षा रथ" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा शिक्षा रथ को रवाना करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## कबाडी की सिर में चोट मार कर हत्या

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी में किराये के कमरे में निवास कर रहे 20 वर्षीय फारूख पुत्र रोजू मूल निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश की रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं रोजू ने फारूख की हत्या किए जाने का आरोप अपने पुत्र के दोस्तों दीपक और अरविंद गुर्जर पर लगाते हुए इनके खिलाफ थाना चांदनी बाग में केस दर्ज करवाया है। इधर, पुलिस ने पीजीआई में पोस्टमार्टम के बाद फारूख का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पुलिस को दी शिकायत में रोजू ने बताया कि 14 अप्रैल की आधी रात को दीपक व अरविंद्र उनके पुत्र फारूख को घायल अवस्था में उसके कमरे पर छोड गए थे। फारूख का सिर लहू लुहान था। परिजन फारूख को सिविल अस्पताल ले गए और यहां प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत।**
सुभाष मित्तल पुत्र श्री लख्मी चन्द निवासी आनन्द छाया ए-24 बी, यमुना एनक्लेव, पानीपत।
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अलका सुभाष मित्तल पुत्र श्री लख्मी चन्द निवासी आनन्द छाया ए-24 बी, यमुना एनक्लेव, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति ब्रहमी देवी उर्फ बीरमी देवी निवासी आनन्द छाया ए-24 बी, यमुना एनक्लेव, पानीपत की दिनांक 18.10.2017 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उताराधिकारी दर्शाये गये हैं।
**1- सुभाष मित्तल, व 2- रमेश चन्द्र पुत्रगण, व 3- सुनीता रानी, व 4- ममता रानी पुत्रीयान श्रीमति ब्रहमी देवी उर्फ बीरमी देवी यानि कुल 4 ही वारिस हैं।**
इनके ईलावा मृतक श्रीमति ब्रहमी देवी उर्फ बीरमी देवी का अन्य कोई वारिस/उताराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16.04.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### हथियार के बल पर लूट करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईए-नारायणगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना साहा क्षेत्र में हथियार की नोक पर मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विकास उर्फ दुबे निवासी माया कॉलोनी शाहबाद के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता जसबीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 अप्रैल 2026 की रात जब वह गांव पसियाला के पास से गुजर रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसका पीछा किया।

### प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने ठगी के मामले में आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने प्लॉट खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 लाख 18 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। परिवादी सुभाष चंद्र ने 10 दिसंबर 2025 को थाना महेश नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी अभिषेक ने 28 जुलाई 2023 से 23 फरवरी 2024 के बीच एक लिखित इकरारनामा किया था। आरोपी ने प्लॉट की रजिस्ट्री शिकायतकर्ता के नाम न करवाकर धोखाधड़ी से लाखों रुपये हड़प लिए थे।

### चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को किया काबू

**अंबाला।** पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान थाना बलदेव नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलदेव नगर स्थित शोरूम से एलईडी व एसी कॉइल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। शिकायतकर्ता सौरव ने 5 अप्रैल 2026 को थाना बलदेव नगर में दी शिकायत में बताया था कि आरोपी ने बलदेव नगर स्थित शोरूम से एलईडी व एसी कॉइल चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया।

### बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल का इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल के कुल 134 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया। सुरभि बंसल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सानवी गुप्ता ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गायत्री ने 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 30 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

## डीसी बोले लोकतंत्र में मतदाता सबसे बड़ा त्योहार

# नगर निगम चुनाव के लिए 191 पोलिंग बूथ स्थापित, बेहतर उम्मीदवार चुनें मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा पर्व है। सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मत करके हम एक अच्छे उम्मीदवार को चुन सकते है। नगर निगम के चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लग गई है। सभी को आदर्श आचार संहिता की पालना करनी चाहिए। उपायुक्त वीरवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि अंबाला शहर में नगर निगम चुनाव व दो गांवों के संरपच तथा 21 पचों के चुनाव के तहत आर्दश आचार संहिता लग गई है जिसकी हम सबकों पालना सुनिश्चित करनी है। राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके उन्हें भी आर्दश आचार संहिता की पालना करने बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त विराट को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है इसके साथ 20 सदस्य पदों के चुनाव के लिए भी एआरओ लगाए जाएंगें। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार उनकी अनुपालना करते हुए चुनाव का निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वोटर लिस्ट अपडेट की जा चुकी है। यदि फिर भी कोई मतदाता है तो वह 25 अप्रैल तक रिटर्निंग अधिकारी के पास आवेदन कर दे ताकि वोटर लिस्ट को पूरी तरह से अपडेट किया जा सके।

**हर मतदाता करे मत का प्रयोग**


अंबाला। मीडिया से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

### सभी केंद्रों पर रहेंगी मूलभूत सुविधाएं

उपायुक्त ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत 191 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी की सुविधा रहेगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के साथ-साथ रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन भी बनाई जाएगी ताकि जिस भी दिव्यांग मतदाता को व्हील चेयर या अन्य सहायता चाहिए तो उन हेल्पलाइन पर पंजीकरण कर सके। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पोलिंग बूथों पर पानी का विशेष प्रबंध होगा। मतदान 10 मई को होगा और मतगणना 13 मई को होगी। उन्होंने मीडिया के माध्यम से लोगों को अपील की कि मतदान वाले दिन आगे आकर अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग करें।


अंबाला। पार्टी नेताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### भाजपा ने किया चुनाव प्रचार प्रसार का शंखनाद

- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा और पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, दिया जीत का मंत्र

**अंबाला।** नगर निगम चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव प्रचार अभियान का जोरदार शंखनाद कर दिया। इसी क्रम में चुनाव प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री असीम गोयल और प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला प्रभारी धर्मबीर मिर्जापुर,जिलाध्यक्ष मनदीप राणा की मौजूदगी में एक बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक अंबाला शहर में आयोजित की गई। इस बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और उन्हें पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और इसी शक्ति के बल पर चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की जाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। चुनाव प्रभारी गंगवा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा की जीत पूरी तरह सुनिश्चित है।


अंबाला। आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## उपचार करवाने के लिएआए मरीजों ने नागरिक अस्पताल में किया हंगामा

- पुलिस ने मरीज को काबू कर शुरू की जांच, सिक्योरिटी गार्ड की आंखों में डाला कैमिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में वीरवार को एक मरीज ने जमकर हंगामा किया। आरोपी ने ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर से बदसलूकी की और बीच-बचाव करने आए सुरक्षाकर्मी पर फर्श साफ करने वाला केमिकल फेंक दिया। पता चला है कि आरोपी युवक अस्पताल में अपनी एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) कटवाने आया था। ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर रिद्धि उस समय अन्य गंभीर मरीजों का उपचार कर रही थीं। डॉक्टर ने बताया कि आरोपी अचानक बिना किसी उकसावे के गाली-गलौच करने लगा। डॉक्टर रिद्धि ने बताया कि वह एमरजेंसी में ड्यूटी पर थी। एक व्यक्ति एमएलआर कटवाने के लिए आया था। उस समय एमरजेंसी में काफी भीड़ थी, जिसमें तीन सामान्य मरीज और दो शव थे। उसने मरीज से केवल 2 मिनट का समय मांगा ताकि मृत व्यक्तियों के शवों को देख सके। उसने बताया कि इतने में मरीज ने हंगामा करना शुरू कर दिया और मेरे साथ गाली-गलौज की। समझाने के बावजूद वह शांत नहीं हुआ और हिंसक व्यवहार करने लगा। जब सुरक्षा गार्ड ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो मरीज और गार्ड के बीच हाथापाई हुई जो माइनर ओटी तक जा पहुंची।

### ड्यूटी चिकित्सक से की बदतमीजी

इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करवा दी है। आरोपी ने कैमिकल की बोतल उठाकर सिक्योरिटी गार्ड जसप्रीत के चेहरे पर दे मारी। केमिकल गार्ड की आंखों और चेहरे पर गिरने से वह दर्द से कराहने लगा। जमीन पर गिर गया। इस घटना वहां मौजूद एक अन्य व्यक्ति के कपड़े भी केमिकल से झुलस गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को बड़ी मुश्किल से काबू किया और उसे हिरासत में लेकर थाने ले गई। घायल सुरक्षाकर्मी जसप्रीत सिंह का अस्पताल में ही प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है। इस घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ में भारी रोष है। स्टाफ का कहना है कि आए दिन मरीजों या उनके तीमारदारों द्वारा डॉक्टरों के साथ बदसलूकी की घटनाएं बढ़ रही हैं।

# मनन ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मारी बाजी

- डीएवी स्कूल ने 10वीं के परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

सीबीएसई 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीएवी स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी अत्यंत उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस वर्ष कुल 109 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र मनन गोयल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वृष्टि ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा पलवी शर्मा ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विषयवार उपलब्धियों में भी विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं आईटी में अधिकतम 99 अंक प्राप्त हुए, जबकि पंजाबी में 98, हिंदी में 97, गणित में 95, विज्ञान में 94 तथा संस्कृत में 84 अंक सर्वोच्च रहे। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रधानाचार्या अनुजा भारद्वाज, पूर्व प्रधानाचार्या सुनीता कपूर एवं डीएवी प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।


बराड़ा। परीक्षा में सफल होने वाले स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

# पांच छात्रों ने प्राप्त किए 99.6% अंक

- आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत, 734 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत व 1567 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरपीएस शिक्षण संस्थान की दिव्या यादव, अदित्री, ओनवी यादव, रिद्धिमा यादव व आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला, देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान व समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया, तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे देश व प्रदेश में गौरवान्वित किया है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आरपीएस संस्था के 493 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विषय की वरियता सूचि में प्रथम स्थान हासिल किया।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### 64 छात्रों के अंक आए 99 प्रतिशत

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं के परिणामों में महसविन शौर्य अहलावत, कनक, पूर्वी, दिशा जाटराना, श्रेया गुप्ता, चाहत, अरूसिल कुमार, अनन्या पारिक, हर्षिता यादव, नव्या चौधरी, महक यादव, तनिष्का गारोदिया, अंशु, गरिमा, सुहानी, सोनम, हेमन्त सरावत, अनिशा, दिपांशु, रितुश्री, सृष्टि शर्मा, याशिका यादव, देवेश, नव्या रावल, सानवी राव, नमन सिंगला, सृष्टि यादव, विहान अग्रवाल, निपुन गोयल, रक्षित, राघव गुप्ता, नैना यादव, पुरूषार्थ भट्ट, हिरल वर्मा, लक्ष्य मेधा, आदिती राव, याशिका, संध्या सुहाग, तनिशा, विहान फलसवाल, नेहा, प्रिया, सानवी, आयाना भाथिजा, रितिका, लविश शर्मा सहित 64 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर प्रेरणापुंज का कार्य किया।



### सीबीएसई 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम

**बराड़ा।** श्री विश्वकर्मा हाई स्कूल सोहाना ने सीबीएसई 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ में खुशी का माहौल है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पूनम देवी ने बताया कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है। परिणाम के अनुसार छात्रा माही ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रीधी स्नेहा ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रशांत ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त सहजप्रीत कौर व कल्पना ने 88-88 प्रतिशत, साहिल ने 87 प्रतिशत, किंजल धीमान ने 87.6 प्रतिशत, खनक शर्मा ने 86.6 प्रतिशत, खुशी ने 85 प्रतिशत, पारस ने 84 प्रतिशत तथा हिमांशी ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# 97.8% से मोहम्मद बने टॉपर

- रिया आनंद ने 96% अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, अंबाला छावनी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी मेधा, परिश्रम एवं अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस साल मोहम्मद जीशान बोगिमायुम ने 97.8% रिया आनंद ने 96% प्रिया तथा करनदीप सिंह – 95.8% अंक हासिल किए हैं। विशेष उपलब्धि के रूप में रिया आनंद ने संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत (100/100) अंक प्राप्त किए जबकि मोहम्मद जीशान बोगिमायुम ने इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर में 100/100 अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।


बाजी मारने वाले दोनों छात्र।

### दी शुभकामनाएं

विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा एवं उप-प्राचार्य मनीष सेमवाल ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह निरंतर उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इसी उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखते हुए विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करने का संकल्प व्यक्त किया है।

## पीडब्ल्यू ने प्रदेश का पहला टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन सेंटर खोला



**अंबाला।** पीडब्ल्यू ने प्रदेश में शिक्षा के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए महाराजा अग्रसेन चौक के पास एक नया टेक-इनेबल्ड पीडब्ल्यू विद्यापीठ केंद्र शुरू किया है। पीडब्ल्यू विद्यापीठ के टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन केंद्रों में छात्र अनुभवी शिक्षकों से कक्षा में पढ़ाई करते हैं। इस अवसर पर अंकित गुप्ता, सीईओ, विद्यापीठ-ऑफलाइन, फिजिक्सवाला ने कहा, "पीडब्ल्यू में हम छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार नए रास्ते तलाशते रहते हैं। हमारा मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की तलाश में छात्रों को दूसरे शहरों में जाने की ज़रूरत नहीं पड़नी चाहिए, क्योंकि यह उनके लिए मानसिक और आर्थिक रूप से तनावपूर्ण हो सकता है। यहां पीडब्ल्यू विद्यापीठ सेंटर खोलकर हमारा लक्ष्य टेक-इनेबल्ड क्वालिटी एजुकेशन को उनके घर के करीब लाना और देश भर में और भी 'एजुकेशन हब' तैयार करना है।" पीडब्ल्यू विद्यापीठ टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन केंद्र हैं, जहां छात्र अनुभवी शिक्षकों द्वारा संचालित इन-पर्सन कक्षाओं में भाग लेते हैं।

### गैरकानूनी तरीके से बनाई जा रही दुकान की सील

**अंबाला।** नगर परिषद ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोची मंडी क्षेत्र में एक निर्माणाधीन व्यवसायिक परिसर को सील कर दिया। यह कार्रवाई परिषद की टीम द्वारा कई नोटिस दिए जाने और कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने के बाद अमल में लाई गई। नगर परिषद से प्राप्त जानकारी अनुसार, मोची मंडी निवासी सुनील विज द्वारा मकान संख्या 1709 के भूतल पर बिना किसी स्वीकृत के व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। नगर परिषद ने इस पर संज्ञान लेते हुए जुलाई 2021 में हरियाणा नगरपालिका अधिनियम 1973 की धारा 208 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह मामला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत तक पहुंचा। यहां आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार की। अदालत ने उन पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। हालांकि, जुर्माने के बावजूद निर्माण कार्य को नियमित नहीं कराया गया और न ही परिषद से कोई अनुमति ली गई। नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर संपत्ति को सील किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**निरीक्षण** अधिकारियों को जरूरी व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश

# खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के आयुक्त ने गेहूं खरीद कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे. गणेशन ने वीरवार को अंबाला कैंट अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीद व्यवस्था, लिफिटंग कार्य, मंडी गेट पास, किसानों के लिए हेल्प डेस्क व बॉयोमेट्रिक के साथ-साथ किसानों की सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त एवं सचिव ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में किसानों को गेंहू खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी अथवा असुविधा नहीं होनी चाहिए।


अंबाला। अनाजमंडी में गेहूं की नमी जांचते आयुक्त जे. गणेशन व अन्य अधिकारी।

### गेहूं की नमी की मात्रा जांची

निरीक्षण के दौरान आयुक्त एवं सचिव ने गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण किया। मौके पर ही गेहूं की नमी की मात्रा भी जांची। इसके साथ-साथ उन्होंने गेहूं की तुलाई प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि तुलाई पारदर्शी और बिना किसी देरी के की जाए व खरीदी गई गेहूं का समय पर उठान किया जाए ताकि किसानों को भुगतान समय पर मिल सके। आयुक्त एवं सचिव जे. गणेशन ने गेहूं खरीद कार्य के तहत किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसके लिए मंडी में किसानों के गेट पास काटने के लिए जो व्यवस्था की गई है उसका भी जायजा लिया और जो कार्य किए जा रहे थे उस बारे संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर किसानों व अन्य से भी बातचीत करते हुए उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं आ रही है, इसकी भी जानकारी ली।

### बिजली के ट्रांसफॉर्मर से सामान चोरी

- 65 हजार रुपये का नुकसान

**बराड़ा।** गांव तंदवाली में अज्ञात चोरों द्वारा बिजली विभाग के ट्रांसफॉर्मर से सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना 13-14 अप्रैल की रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ ईश्वर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव तंदवाली में लगे 20 केवीए ट्रांसफॉर्मर से अज्ञात शरारती तत्वों ने एल्युमिनियम कॉइल व अन्य सामान चोरी कर लिया। साथ ही ट्रांसफॉर्मर का तेल भी निकाल लिया गया, जो मौके पर बिखरा हुआ मिला। मामले की जांच के लिए जेई राजबीर को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने जांच के बाद पुष्टि की कि ट्रांसफॉर्मर से कॉइल और अन्य सामग्री चोरी की गई है।